नईदुनिया

शहर में हुआ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कई फिल्मों का हुआ सिलेक्शन गवाह में मुंबई बम कांड

# शहर में हुआ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कई फिल्मों का हुआ सिलेक्शन 'गवाह' में मुंबई बम कांड

नोयडा के मिनी बॉक्स ऑफिस का आयोजनङ"ख११ऋ

Enlarge Image

"सचयी×चार्रबथ.ैहर्कनगीग़ि१७५४७.ीॅजऋ

"सचयी×चार्रबथ.ैहर्कनगीग़ि१७५४८.ीॅजऋ

ि्टा्रतब काम आती है इंसानियत

अमेरिका की आतंकवादी घटना हो या मुंबई का बम कांड, जब त्रासदी से आदमी घिर जाता है तब इससे उबरने में इंसानियत ही आगे आती है। इस बात को मेरे दिल ने छू लिया और मैंने "गवाह" बनाने का निर्णय लिया। यह कहना है फिल्म की डायरेक्टर गौरी चड्ढा (मुंबई) का। फेस्टिवल में शामिल होने आईं गौरी ने बताया कि यह उनकी चौथी फिल्म है। साथ ही वे हॉलीवुड और बॉलीवुड के विभिन्ना प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकी हैं। इनमें मिशन इंपासिबल-घोस्ट प्रोटोकॉल (२०११), गांधी ऑफ द मंथ(२०१२) आदि शामिल हैं। आगे वे ह्यूमन ट्रेफिकिंग विषय पर फीचर फिल्म बनाने पर विचार कर रही हैं। इसमें हॉलीवुड के कलाकार और फिल्मकार भी शामिल होंगे।तब काम आती है इंसानियत

अमेरिका की आतंकवादी घटना हो या मुंबई का बम कांड, जब त्रासदी से आदमी घिर जाता है तब इससे उबरने में इंसानियत ही आगे आती है। इस बात को मेरे दिल ने छू लिया और मैंने "गवाह" बनाने का निर्णय लिया। यह कहना है फिल्म की डायरेक्टर गौरी चड्ढा (मुंबई) का। फेस्टिवल में शामिल होने आईं गौरी ने बताया कि यह उनकी चौथी फिल्म है। साथ ही वे हॉलीवुड और बॉलीवुड के विभिन्ना प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकी हैं। इनमें मिशन इंपासिबल-घोस्ट प्रोटोकॉल (२०११), गांधी ऑफ द मंथ(२०१२) आदि शामिल हैं। आगे वे ह्यूमन ट्रेफिकिंग विषय पर फीचर फिल्म बनाने पर विचार कर रही हैं। इसमें हॉलीवुड के कलाकार और फिल्मकार भी शामिल होंगे।
ङ"ख८ऋ

-ीचगनैही्रशहर में हुआ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कई फिल्मों का हुआ सिलेक्शन

"गवाह" में मुंबई बम कांड ङ"ख८२ऋ

्िटा्रभोपाल(नप्र)। "आतंकवादी चाहे बम ब्लास्ट करें या फिर एरोप्लेन टकराकर लोगों की जिंदगियां छीन लें। उसका असर सालों तक लोगों के दिलो-दिमाग में रहता है। इन त्रासदियों के गवाह रहे लोगों की जिंदगी बहुत मुश्किल हो जाती है।"

यह थीम थी शॉर्ट फिल्म "गवाह" की। इसका प्रदर्शन शनिवार को होटल आर्कमेनॉर में आयोजित भोपाल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में किया गया। नोयडा की मिनी बॉक्स ऑफिस संस्था द्वारा आयोजित इस फेस्टिवल में देश-विदेश की शॉर्ट फिल्म और डाक्यूमेंट्रीज दिखाई गईं। मुंबई बम कांड पर आधारित फिल्म गवाह में दिखाया गया कि जब कोई घटना होती है, उसके कुछ दिन तक ही सरकार और मीडिया सक्रिय रहती है और बाद में सब इसे भूल जाते हैं, लेकिन जिन लोगों के साथ या जिनके सामने ये घटनाएं हुई हैं उनके लिए एक-एक पल भारी पड़ता है। उनकी पीड़ा को इस फिल्म के जरिए सामने लाया गया। गौरी चड्ढा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण चेसिंग फ्रेम्स प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया गया था। फिल्म की अवधि २१ मिनट ५२ सेकंड की है। सिनेमेटोग्रॉफी दुलीप रेगमी और सुदीप सेनगुप्ता की थी।

इन मूवीज का रहा जलवा

दिन भर चले इस फेस्टिवल में आईआईटी मुंबई के सोहम चक्रवर्ती द्वारा निर्देशित "पें डोरोस बॉक्स", इंदौर के चौइथराम इंटरनेशनल स्कूल के रक्षित यादव द्वारा निर्देशित खोया बचपन (२१मिनट), भोपाल के फ्रेमबॉक्स एनीमेशन एंड विजुअल इफेक्ट्स द्वारा पुनीत जैन के निर्र्देशन में तैयार "डोनेट ब्लड"(५मिनट), एक्सट्रा कलेक्टिव भोपाल की चंदा के जूते (२२मिनट), मुंबई के मिक्की नरूला और सुनील गुप्ता द्वारा निर्देशित कुंवर साहिब की महिमा सहित पुणे, नोयडा, गुड़गांव, हैदराबाद, चेन्नाई और स्पेन व ईरान के फिल्मकारों की डाक्यूमेंट्रीज भी दिखाई गईं।

देश भर के फिल्मकारों ने इसमें शिरकत की। फेस्टिवल डायरेक्टर रामबाबू सिंह के अनुसार इसके पहले यह आयोजन मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, नोयडा व बैंगलुरू में हो चुका है। फेस्टिवल के समापन के मौके पर उत्कृष्ट फिल्मों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलपति बीके कुठियाला थे। विशेष अतिथि फिल्म प्रोड्यूसर और ज्ञान गंगा ग्रुप के डायरेक्टर मिनीराज मोदी थे।

Enlarge Image